आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–04 दिसम्बर 2025 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में सप्तम अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता–दो हजार पचीस और उनहत्तरवीं राष्ट्रीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता–दो हजार पचीस के तहत ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत किया। पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप के विजेताओं के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में खेल प्रतियोगिताओं के प्रति जागरूकता का वातावरण तैयार हुआ है।

आपने पिछले 11 वर्षों के अंदर बदलते हुए भारत को देखा है। खेल और खेल संस्कृति के प्रति आम भारतीय के मन में प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से जो भाव पैदा हुए हैं आज उसे मूर्त रूप लेते हुए देखा है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के तिरानवेवें संस्थापक सप्ताह समारोह के उद्घाटन सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान अपने सम्बोधन में श्री योगी ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद अपने शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ रहा है। छह वर्ष बाद शताब्दी वर्ष समारोह मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सौ वर्षों की यात्रा के आत्ममंथन का भी समय है। समारोह में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद अपनी जड़ों को याद कर संस्थापकों के संकल्पों को आगे ले जाने का प्रयास कर रहा है।

****

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सौ दिन के गहन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि सरकार ने वर्ष दो हजार तीस तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि समाज, समुदायों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से देश बाल विवाह मुक्त भारत बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

हमारी संवेदनशील नीतियों और समुचित अवसरों ने उन्हें अटूट विश्वास दिया है कि आज हर बेटी की आवाज गूंज रही है। मुझे पढ़ना है, मुझे बढ़ना है और मुझे खुशी है कि सरकार, समाज और परिवार सभी मिलकर इस आवाज को मजबूत कर रहे हैं और ये शुभ संकेत है। हमें और अधिक दृढ़ता के साथ बेटियों के हित में काम करने के लिए प्रेरित कर रहा है और यह हमारे लिए बड़ी खुशखबरी है कि छत्तीसगढ़ का सूरजपुर जिला बाल विवाह मुक्त जिला बन गया है।

****

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के पहले चरण के तीसरे दिन आज तमिलनाडु से आये एक अन्य समूह ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया और अन्न क्षेत्र में श्री विशेश्वर का प्रसाद ग्रहण किया। एक रिपोर्ट–

मंदिर प्रशासन द्वारा पुष्प वर्षा और डमरू वादन की ध्वनि के बीच प्रतिनिधि मंडल का स्वागत किया गया और काशी विश्वनाथ धाम के भव्य कॉरीडोर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान समूह धाम के ऐतिहासिक स्वरूप और स्थापत्य कला से रू–ब–रू हुआ। आज ही आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर आधारित कठपुतली नाटक हिन्द के सरदार का प्रदर्शन किया गया। यह उनके जीवन पर आधारित देश का पहला कठपुतली नाटक है। इसी बीच तमिलनाडु का एक दल आज अयोध्या पहुंच रहा है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

प्रदेश भर की मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर जारी है। इसके तहत बूथ लेवल ऑफिसर–बीएलओ सभी मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं। एसआईआर प्रक्रिया का मतदाताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया जा रहा है। जौनपुर के मतदाता अजय यादव ने कहा कि एसआईआर के जरिए लोकतंत्र मजबूत होगा।

एसआईआर का माहौल लेकर सभी लोग को अंदर से काफी खुशी है और लोग इसपे योगदान भी दे रहे हैं। जो यह पहल है बहुत बढ़िया हैं।

****

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई क्षति को स्वीकार करते हुए बयान दिया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि यह दावा झूठा और निराधार है।

****

आज नौसेना दिवस है। भारतीय नौसेना की उपलब्धियों और भूमिका के सम्मान में प्रत्येक वर्ष चार दिसंबर को यह दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी भारतीय नौसेना कर्मियों, पूर्व नौसैनिकों तथा उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि समुद्री सीमाओं के अडिग प्रहरी होने के साथ ही मानवता की सेवा, आपदा प्रबंधन और वैश्विक शांति स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाने वाली भारतीय नौसेना पर सभी को गर्व है।

****